# यूपी में उद्योग मित्र दिलाएंगे निवेशकों को सभी तरह की एनओसी

**सुविधा 1**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** इन्वेस्ट यूपी ने निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए उद्यमी मित्रों की कार्यकुशलता व जवाबदेही बढ़ा दी है। उनके कामों की अब रैंकिंग भी होगी। निवेशकों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर काटने न पड़ें, इसके लिए बीते सप्ताह एकल बिंदु सुविधा शुरू की गई है।

नई पहल के बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए उद्यमी मित्रों के कार्यों की समीक्षा प्रणाली भी तय की गई है। सभी विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दिलाने की जिम्मेदारी भी अब इनकी ही होगी। उद्यमी मित्रों के कामों की हर 15 दिन में समीक्षा होगी और दो माह में चार समीक्षा के आधार पर उनकी रैंकिंग तय होगी। रैंकिंग में पिछड़ने वालों की मुश्किलें भी बढ़ेंगी। उद्यमी मित्रों के साथ जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों की भी जवाबदेही तय होगी।



**15** दिन में होगी उद्यमी मित्रों के कामों की उच्च स्तरीय समीक्षा

**04** समीक्षाओं के आधार पर तय होगी उद्यमी मित्रों की रैंकिंग

## उद्यमी मित्रों को 60 दिनों का मिलेगा टास्क

एकल बिंदु सुविधा के तहत प्रत्येक निवेश प्रस्ताव का निस्तारण एंड-टू-एंड फ्रंट एंडिंग के आधार पर कराने के लिए उद्यमी मित्रो को 60 दिनों का टास्क दिया है। इस अवधि में निवेशकों को बिजली कनेक्शन, पर्यावरणीय स्वीकृति, भूमि आवंटन के अलावा विभिन्न विभागों से एनओसी दिलाने में जुटेंगे। हर उद्यमी मित्र को 10 परियोजना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मई, 2023 में लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के माध्यम से 111 उद्यमी मित्रों की नियुक्ति की गई थी।